प्रैसनोट

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, मुख्यालय जयपुर

एसीबी ने थाना इंचार्ज को 45 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

जयपुर,9 अगस्त 2019 भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) जयपुर शहर प्रथम की टीम द्वारा चुरू जिले के रतनगढ़ थाने के इंचार्ज हरजिंदर सिंह को 45 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिदेशक श्री आलोक त्रिपाठी ने बताया कि परिवादी ने एसीबी में शिकायत देकर बताया कि उसके ट्रक को एनडीपीएस एक्ट में थाना इंचार्ज रतनगढ़ द्वारा जप्त कर लिया गया एवं उसे अब छोड़ने के लिए मुझसे 45 हजार रुपए की रिश्वत की राशि की मांग कर रहा है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अतिरिक्त अधीक्षक पुलिस जयपुर शहर प्रथम श्री आलोक शर्मा के नेतृत्व में उक्त मांग का सत्यापन करवाकर आज रतनगढ़ थाना इंचार्ज हरजिंदर सिंह को 45 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया एवं एसएचओ के सरकारी निवास पर सर्च में 7 लाख 35 हजार रुपए की नगद राशि बरामद की गई एवं अग्रिम कार्रवाई जारी है।